**आकाशवाणी**
**देहरादून (उत्तराखण्ड)**

**बृहस्पतिवार 05.12.2024** **समय 1830**

**मुख्य समाचार :–**

- **राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा– भारत के 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने के लक्ष्य के लिए कृषि महत्वपूर्ण है।**
- **खेल मंत्री रेखा आर्य ने केंद्रीय खेल मंत्री से योगासन, मल्लखंभ और कराटे को राष्ट्रीय खेलों में शामिल करने का आग्रह किया।**
- **निर्वाचन आयोग नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 8 से 10 दिसंबर तक प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाएगा।**
- **प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में 16 हजार आवासों का निर्माण जारी।**

**राष्ट्रपति**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज कृषि वैज्ञानिकों से किसानों को प्राकृतिक आपदाओं, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों के दुरुपयोग जैसी चुनौतियों से बचाने के लिए वर्तमान समय के अनुरूप नई योजनाएं बनाने का आह्वान किया है। आज ओडिशा कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के 40वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि कृषि वैज्ञानिकों को देश के लिए नई योजनाएं बनाते समय मृदा स्वास्थ्य, पर्यावरण, मृदा संरक्षण और प्राकृतिक संसाधनों के उचित उपयोग पर ध्यान देना चाहिए।

**खेल मंत्री से मुलाकात**

प्रदेश की खेल मंत्री रेखा आर्य ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया से मुलाकात कर राष्ट्रीय खेलों से संबंधित विभिन्न विषयों पर चर्चा की। श्रीमती आर्य ने खेल मंत्री से राज्य सरकार की ओर से पूर्व में सुझाए गए योगासन, मल्लखंभ, राफ्टिंग, लगोरी, पावर लिफ्टिंग, स्पीड क्लाइंबिंग और कराटे को राष्ट्रीय खेलों के कार्यक्रम में शामिल करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि ये खेल राज्य की खेल संस्कृति का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इनके शामिल होने से राष्ट्रीय खेलों की विविधता बढ़ेगी। इस पर केंद्रीय खेल मंत्री ने सकारात्मक आश्वासन दिया।

**राष्ट्रीय खेल**

प्रदेश में 28 जनवरी से प्रस्तावित 38वें राष्ट्रीय खेलों के आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने अधिकारियों को राष्ट्रीय खेलों में खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज अधिकारियों की बैठक लेते हुए खेल स्टेडियम में किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने को कहा। श्री भदौरिया ने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के प्रबंधन के लिए इवेंट मैनेजमेंट कंपनी गठित की जा रही है, जो खिलाड़ियों के आवास, भोजन, परिवहन आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन, पंतनगर एयरपोर्ट पर खिलाड़ियों की सुविधा के लिए नोडल अधिकारियों के साथ हेल्पडेस्क स्थापित किए जाएंगे। बैठक में राष्ट्रीय खेलों के दौरान साफ–सफाई के लिए अतिरिक्त पर्यावरण मित्रों की तैनाती का भी निर्णय लिया गया।

**निर्वाचन आयोग**

निर्वाचन आयोग नए मतदाताओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए 8 से 10 दिसंबर तक प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाएगा। इस दौरान 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले मतदाताओं के वोटर कार्ड बनाए जाएंगे। प्रदेश में नए मतदाता कार्ड बनाने को लेकर राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को पत्र भेजा है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव की तिथि अगले वर्ष संभावित है। नियमानुसार मतदाता सूची में संशोधन, नए नाम जोड़ने या काटने का काम नामांकन के अंतिम दिन तक किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए आयोग ने तीन दिन तक विशेष अभियान चलाने का निर्णय लिया है। इन तीन दिनों में सभी कर्मचारी मतदान केंद्र पर मौजूद रहेंगे और जरूरी फार्म उपलब्ध कराएंगे। भरे हुए फार्म मतदान केंद्रों के साथ ही नगर निकायों, तहसील और जिला मुख्यालय पर भी जमा किए जा सकेंगे। सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी इन फार्मों की सूची तैयार कर 15 दिसंबर तक आयोग को भेजेंगे।

**पीएम आवास योजना**

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत उत्तराखंड आवास विकास परिषद और मसूरी विकास प्राधिकरण, प्रदेश में 16 हजार आवासों का निर्माण कर रहे हैं। सरकार ने मार्च तक सभी आवासीय भवनों का निर्माण पूरा करने का लक्ष्य रखा है। अपर आयुक्त आवास पीसी दुम्का का कहना है कि अब तक निजी सहभागिता से 1 हजार 7 सौ 60 आवासों का निर्माण कर लाभार्थियों को सौंपे जा चुके हैं।

योजना के तहत निजी निवेशक छह लाख रुपए की लागत से दो कमरे, किचन और शौचालय जैसी सुविधाओं से युक्त घर तैयार करता है, जिसमें से उन्हें केद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से साढ़े तीन लाख रुपए मिलते हैं, इस तरह लाभार्थी को महज ढाई लाख रुपए की लागत में आसान होम लोन के जरिए घर मिल जाता है। इसमें जमीन सहित निर्माण का समस्त खर्च निजी निवेशक द्वारा उठाया जाता है। योजना के तहत तीन लाख रुपए से कम सालाना आय वर्ग वाले आवासहीन परिवार पात्र होते हैं। साथ ही पात्र परिवार का 15 जून 2015 से पहले उत्तराखंड का निवासी होना भी जरूरी है।

**देश का प्रकृति परीक्षण**

केंद्रीय आयुष मंत्रालय 26 नवंबर से 25 दिसंबर तक देशभर में प्रकृति प्रशिक्षण अभियान चला रहा है। अभियान के तहत सभी सरकारी और निजी आयुर्वेद चिकित्सक देशभर में एक करोड़ लोगों का प्रकृति परीक्षण कर गिनीज बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराएंगे। अभियान के तहत चंपावत जिले में विभिन्न स्थानों पर मोबाइल ऐप के जरिए आयुर्वेद के सिद्धांतों के अनुसार लोगों के वात, कफ और पित्त दोषों की जांच की जा रही है। जिला मुख्य आयुर्वेदिक और यूनानी अधिकारी डॉ. आनंद सिंह गुसाई ने बताया कि जिले में विभिन्न स्थानों पर सरकारी और निजी चिकित्सकों के माध्यम से यह परीक्षण कराया जा रहा है।

**सेवा के अधिकार**

हरिद्वार जिले में सेवा के अधिकार के तहत अब स्थानीय लोगों के विभिन्न प्रमाण पत्र आसानी से बनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश के बाद विभागों में पारदर्शिता का असर जिले में भी दिखने लगा है। सरकारी स्तर पर बनने वाले प्रमाण पत्रों के निजी साइबर कैफे पर उपलब्ध होने से लोगों की समय में बचत होने के साथ ही उन्हें भ्रष्टाचार से भी मुक्ति मिल रही है। हरिद्वार जिले से तहसीलदार प्रियंका रानी का कहना है कि नियमों के तहत तहसील में भी विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र बनाए जा रहे हैं।

**जमरानी बांध**

नैनीताल जिले में जमरानी बांध परियोजना का निर्माण कार्य जारी है। जिलाधिकारी वंदना ने आज निर्माणाधीन बांध का निरीक्षण किया और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। जिलाधिकारी ने बांध के उप महाप्रबंधक को निर्माण कार्य में स्थानीय लोगों को उनकी योग्यता के अनुसार अधिक से अधिक रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने डूब क्षेत्र से बाहर रहने वाले परिवारों को विभिन्न विकास योजनाओं से लाभान्वित करने और उनके क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न विभागों की टीम गठित करने पर जोर दिया।

**तनाव मुक्त परीक्षा**

परीक्षाओं के दौरान प्रदेश के छात्रों को तनाव से मुक्ति दिलाने के साथ ही परीक्षाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। साथ ही परीक्षाओं से जुड़ी समस्याओं के समाधान के लिए छह सदस्यीय समिति का गठन किया गया है। एससीईआरटी के संयुक्त निदेशक प्रदीप कुमार को समिति का नोडल अधिकारी बनाया गया है। अकादमिक शोध और प्रशिक्षण निदेशक बंदना गर्ब्याल ने बताया कि गठित समिति टोल फ्री नंबर 1 8 0 0 1 8 0 4 1 3 2 के जरिए परीक्षाओं के दौरान छात्रों के तनाव को दूर करने का प्रयास करेगी।

**दुर्घटना**

ऊधमसिंह नगर जिले में मलेरिया रोड पर दो वाहनों की टक्कर में दो लोगों की मृत्यु हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज सुबह केलाखेड़ा के गांव गणेशपुर निवासी दो भाई बाइक से बाजपुर के गांव सीता कालोनी जा रहे थे।

**मौसम**

प्रदेश के ज्यादातर जिलों में मौसम शुष्क बना हुआ है। सुबह और शाम के समय मौसम में ठंडक बनी हुई है। हालांकि दिन के समय मौसम साफ रहने के चलते धूप खिली रहती है। मौसम विभाग ने 8 और 9 दिसंबर को पूरे प्रदेश में हल्की बारिश और 2 हजार 500 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी का पूर्वानुमान जारी किया है।

**एस०ओ०पी**

चिकित्सा शिक्षा विभाग के तहत संचालित राजकीय मेडिकल कॉलेजों के लिये अलग से मानक संचालन प्रक्रिया–एस०ओ०पी बनाई जायेगी। इसका पालन सभी अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही चिकित्सकों भी करना होगा। इसके साथ ही चिकित्सकों से लेकर सभी कार्मिकों को अनिवार्य रूप से बायोमेट्रिक उपस्थिति भी लगानी होगी। देहरादून में चिकित्सा शिक्षा विभाग की समीक्षा में स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने यह निर्देश दिए। एक रिपोर्ट–

चिकित्सा स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत ने कहा कि एस०ओ०पी में चिकित्सकों से लेकर कर्मचारियों के कार्यों और दायित्वों के निर्वहन की स्पष्ट रूपरेखा तैयार की जायेगी। जो कार्मिक एस०ओ०पी के उल्लंघन का दोषी पाया जायेगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जायेगी। डॉक्टर रावत ने मेडिकल कॉलेज में भर्ती मरीजों को हर दिन दिये जाने वाले भोजन का मेन्यू प्रत्येक वार्ड में चस्पा करने के निर्देश भी दिए हैं। साथ ही मरीजों को किसी भी प्रकार के संक्रमण से दूर रखने के लिये हर दिन भर्ती मरीजों के बेड की चादर बदलनी होगी, जिसके लिए सप्ताह में सातों दिन के लिये चादरों का अलग–अलग रंग निर्धारित किया जायेगा। इसके अलावा मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में साफ–सफाई की व्यवस्था दुरुस्त रखने की जिम्मेदारी वार्ड के नर्सिंग इंचार्ज और मेडिकल कॉलेज के सुपरीटेंडेंट की होगी। यह नई व्यवस्था सभी राजकीय मेडिकल कॉलेजों में पहली जनवरी 2025 से लागू की जायेगी। इसके लिये सभी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्यों के साथ ही निदेशक चिकित्सा शिक्षा को निर्देश दे दिये गये हैं।

**इसरो**

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो ने सैटेलाइट में आई तकनीकी ख़राबी के कारण यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के प्रोबा–3 अंतरिक्ष यान के प्रक्षेपण के समय में बदलाव किया है। अब इसका प्रक्षेपण श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र से पी.एस.एल.वी. सी–59 से आज शाम चार बजकर बारह मिनट पर किया जाएगा। एक रिपोर्ट–

इसरो द्वारा आज प्रोबा3 सैटेलाइट का कक्षा को भेजना अंतरराष्ट्रीय सहयोग का उत्तम उदाहरण है और इसरो के इंजीनियरिंग श्रेष्ठता को भी दर्शाता है। इसी कारण यूरोपीयन स्पेस एजेंसी ने अपने उपग्रह को अंतरिक्ष पहुंचाने के लिए इसरो का चयन किया है। आज पीएसएलवी अपनी 61वीं उड़ान भरेगा जिसमें 26 बार इसरो ने पीएसएलवी एक्सेल9 का प्रयोग किया है। प्रोबा–3 सैटेलाइट को अंडे के आकार वाले कक्षा में पहुंचाया जाएगा, जो काफी मुश्किल काम है। सेटेलाइट भूमि से 6 हजार 530 किलोमीटर दूर और 600 किलोमीटर पास वाले कक्षा में घूमेगा। पीएसएलवी में दो सेटेलाइट है जो एक के ऊपर एक रखे गए हैं और कक्षा में अलग होंगे।

**अग्निवीर भर्ती**

चंपावत जिले के बनबसा आर्मी परिसर में दूसरे चरण की अग्निवीर भर्ती की दौड़ प्रक्रिया पूरी हो गई है। आज से अभिलेखों का सत्यापन और मेडिकल का कार्य शुरू होगा। बनबसा आर्मी परिसर में भर्ती रैली के दूसरे चरण में एक से छह दिसंबर तक अग्निवीर भर्ती की शारीरिक दक्षता परीक्षा और अभिलेखों का सत्यापन हो रहा है। अग्निवीर भर्ती के चौथे दिन अग्निवीर टेक्निकल ट्रेड और कार्यालय सहायक की भर्ती रैली हुई। इसमें लगभग सौ अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया।

## महिला सशक्तीकरण

उत्तराखंड राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष कुसुम कण्डवाल ने शहरी विकास मंत्री डॉ. प्रेमचंद अग्रवाल से देहरादून में शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दोनों के बीच शहरीकरण के दौर में महिलाओं के हितों, अधिकारों और सुरक्षा को लेकर गहन चर्चा हुई। महिलाओं की भूमिका को समाज और विकास में अहम बताते हुए श्रीमती कंडवाल ने कहा कि शहरीकरण के बढ़ते प्रभाव के बीच महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नई तकनीकों को अपनाना बेहद जरूरी है। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्मार्ट सिटी परियोजनाओं में विशेष प्रावधानों और डिजिटल उपायों को मजबूत करने पर जोर दिया। बैठक में दोनों के बीच मातृशक्ति के सशक्तिकरण को लेकर भविष्य की योजनाओं पर भी विचार–विमर्श हुआ।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग

उत्तराखंड वन विभाग बेहतर वन प्रबंधन के लिए, कार्य–योजना तैयार करने में, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल कर रहा है। वन विभाग ने गढ़वाल वन प्रभाग की कार्य–योजना तैयार करने में, पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर ए.आई. का उपयोग शुरू किया है, जिसके शुरुआती परिणाम, काफी उत्साह–जनक हैं। मुख्य वन संरक्षक संजीव चतुर्वेदी ने कहा कि इसकी सहायता से बेहतर जैव विविधता संरक्षण, सतत वन प्रबंधन और वनस्पति पर जलवायु परिवर्तन के प्रभाव की चुनौतियों से निपटने के लिए, कई महत्वपूर्ण उपाय मिले हैं। उन्होंने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, उत्तराखंड के वनों के लिए वरदान साबित होगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से जुटाई जा रही जानकारी, बिल्कुल सटीक व गुणवत्तापूर्ण है, जिससे वन विभाग द्वारा आगे, नई योजना बनाने में, महत्त्वपूर्ण सहायता मिलेगी।

## महत्वकांक्षी प्रस्ताव

कोटद्वार क्षेत्र में पर्यटन को नया आयाम देने के लिए विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खण्डूडी भूषण ने वन मंत्री सुबोध उनियाल से मुलाकात कर एक महत्वाकांक्षी प्रस्ताव रखा है। उन्होंने कण्वाश्रम से होते हुए पुराने लालढांग रोड, गुलरझाला और मेहली स्रोत वॉच टावर तक एक नए जंगल सफारी मार्ग निर्माण की मांग की है। इस संबंध में उन्होंने वन मंत्री को एक औपचारिक मांग पत्र भी सौंपा। इस नई पहल से न केवल कोटद्वार की प्राकृतिक सुंदरता और ऐतिहासिक धरोहरों को नया जीवन मिलेगा, बल्कि रोजगार और पर्यटन के नए द्वार खुलने के साथ पर्यटकों के लिए एक रोमांचक और अद्भुत अनुभव भी सुनिश्चित होगा। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि कोटद्वार क्षेत्र के स्थानीय लोग और नेचर गाइड इस नए सफारी मार्ग की लंबी समय से मांग कर रहे हैं। उनका मानना है कि यह मार्ग न केवल पर्यटकों के लिए एक नई रोमांचक यात्रा का अवसर प्रदान करेगा, बल्कि यह क्षेत्र के पर्यटन उद्योग को नई दिशा भी देगा। इस नए मार्ग के उद्घाटन से न केवल स्थानीय रोजगार में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्रीय व्यापार और पर्यटन उद्योग को भी बल मिलेगा।

## वन्यजीव संरक्षण

नैनीताल जिले के रामनगर में वन्यजीव संरक्षण दिवस के अवसर पर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों में मानव–तेंदुआ संघर्ष को कम करने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी शिखा पांडे ने छात्रों को संघर्ष कम करने के उपायों और सुरक्षित रहने के तरीकों की जानकारी दी। कार्यक्रम में मानव–तेंदुआ संघर्ष पर आधारित पोस्टर वितरित किए गए। कार्यक्रम में छात्रों ने स्कूलों और गांवों के आसपास हुए मानव–तेंदुआ संघर्ष के मामलों पर चर्चा की।

## मिशन सशक्त अभियान

हरिद्वार जिला प्रशासन ने ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस के सुदृढ़ीकरण को लेकर मिशन सशक्त अभियान शुरू किया है। अभियान से जिले के 10 लाख से अधिक लोग लाभान्वित होंगे। मुख्य विकास अधिकारी आकांक्षा कोण्डे ने बताया कि कार्यक्रम में एक लाख से अधिक पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को टीकाकरण, कुपोषित बच्चों का चिह्नीकरण और उनके उपचार से संबंधित सेवांए दी जांएगी। साथ ही 20 हजार से अधिक धात्री महिलाओं को स्वास्थ्य और पोषण से जुड़ी सेवांए उपलब्ध कराई जाएगी।

## संक्षिप्त में समाचार

ऊधम सिंह नगर के बाजपुर में मलेरिया रोड पर ट्रैक्टर ट्राली की एक दुपहिया वाहन से टक्कर में बाइक सवार दो भाइयों की मृत्यु हो गई।

नैनीताल बैंक ने क्लर्क के 25 पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। आवेदन के लिए आयु सीमा 21 से 32 वर्ष रखी गई है। अधिक जानकारी के लिए आवेदक बैंक की आधिकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।